पाठ योजना – 6

शिक्षक आकलन योजना

विषय – गणित | कक्षा – 3 | टर्म – II

पाठ/अवधारणा/थीम/घटक – 8 अलग–अलग आकृतियां | दिनांक ..... से ..... तक

समूह 1 के बच्चों के रोल नम्बर :–	**समूह 2 के बच्चों के रोल नम्बर :–**

सम्पूर्ण कक्षा के लिए शिक्षण अधिगम उद्देश्य :–
1. आकृति के आधार पर वर्गीकरण करना।
2. आकृतियों के किनारे व कोने पहचानना।

सम्पूर्ण कक्षा के लिए प्रस्तावित गतिविधियां (सामूहिक, उपसमूह एवं व्यक्तिगत)	**सतत आकलन योजना**	**समीक्षा एवं अनुभव** (बच्चों की सहभागिता/कठिनाई एवं योजना में बदलाव के बारे में)
समूहिक कार्य :– शिक्षक द्वारा श्यामपट्ट पर चित्र बनाकर गोलाकार, तिकानी व चौकोर आकृतियाँ छांटना। विभिन्न घरेलु वस्तुओं का उदाहरण देकर उनका आकृति अनुसार वर्गीकरण करना। डिब्बे के 8 कोने, 12 किनारे व 6 तलों से परिचय करवाना व आकृतियां बनवाकर किनारे व कोने गिनवाना। **उपसमूह कार्य :–** पुस्तक में दिए गए चित्रों व आकृतियों से गोलाकार, तिकोनी व चौकोर आकृतियां छांटना व भुजाएं/किनारे व कोने गिनना सिखाया जाएगा। **व्यक्तिगत कार्य :–** प्रत्येक छात्र से श्यामपट्ट पर बने चित्रों का वर्गीकरण करवाना व अभ्यास कार्य देना और आकृतियों संबंधी मौखिक प्रश्नोत्तर करना।	छात्रों द्वारा देखकर व सुनकर समझने का आकलन करना। छात्रों द्वारा किए गए कार्य का आकलन करना।	**साप्ताहिक** **..... से ..... तक**

http://rajteachers.com/cce.php

समूह 1 के लिए क्षमता संवर्धन योजना :–

गोलाकार, तिकोनी व चौकोर आकृतियों व वस्तुओं की पहचान करवाना।



समूह 2 के लिए शिक्षण उद्देश्य :–

1. गोलाकार, तिकोनी व चौकोर आकृतियां पहचानना।
2. किनारे व कोने पहचानकर गिनना।

समूह 2 के लिए आवश्यकतानुसार शिक्षण योजना (सामूहिक,उपसमूह,व्यक्तिगत) :–

सामूहिक कार्य :– शिक्षक द्वारा श्यामपट्ट पर रोटी, पापड़, चूड़ी, समोसा, परांठा, लिफाफा व श्यामपट्ट का चित्र बनाकर वर्गीकरण करना समझाया जाएगा।

उपसमूह कार्य :– छात्रों को पुस्तक में दिए गए चित्रों के आधार पर अभ्यास करवाकर आकृतियों की समझ बढ़ाना।

व्यक्तिगत कार्य :– प्रत्येक छात्र से श्यामपट्ट पर आकृतियां बनवाकर अभ्यास कार्य देना।

पाक्षिक योजना में अधिगम उपलब्धि :–

1. छात्र गोलाकार, तिकोनी व चौकोर वस्तुओं को अलग–अलग कर सकते हैं।
2. छात्र किनारे व कोने गिन सकते हैं।

छात्रों द्वारा किए गए कार्य का आकलन करना।

छात्रों द्वारा चित्रों की समझ का आकलन करना।

पाक्षिक
..... से ..... तक

संस्था प्रधान का अभिमत :–

हस्ताक्षर शिक्षक

हस्ताक्षर संस्था प्रधान

http://rajteachers.com/cce.php